अमर उजाला
बरेली
बुधवार, 30 अगस्त 2017
amarujala.com

गंगाशील ने एसआरएमएस को हराया

बरेली। राष्ट्रीय खेल दिवस पर गंगाशील क्रिकेट एकेडमी और एसआरएमएस के बीच क्रिकेट मैच हुआ। गंगाशील ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 39.5 ओवर में 246 रन बनाए। हर्ष राना ने 53 रन और पियूष ने 46 रन बनाए। एसआरएमएस के हेम सिंह ने 4 विकेट लिए। जवाब में एसआरएमएस की पूरी टीम 196 रन ही बना सकी। सरवराज ने 37 रन का योगदान दिया था। हर्ष राना ने 4 विकेट लिए और गौरव ने 2 विकेट। इस मौके पर नितिन धवन कोच, मनीष सिंह ने हर्ष राना को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।